# भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0

गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ

.Mail :upscoutsguides@yahoo.comWebsite : www.upbsg.org

पत्रांक–टी0एस0–64/विविध/सर्वोत्तम कैडेट/ 09 /2023–24 दिनांक– 01 अप्रैल,2023

प्रेषक,

प्रादेशिक मुख्यायुक्त,
भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।

सेवा में,

समस्त जिला मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।

**विषय :–सर्वोत्तम कैडेट रैली के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

आपको सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0 द्वारा स्काउटिंग/गाइडिंग में गुणवत्ता की दृष्टिकोण से व्यक्तिगत क्षमता वृद्धि एवं आत्मविश्वास वृद्धि जिससे यूनिफार्म एवं व्यक्तित्व प्रदर्शन के प्रति जागरूकता एवं सम्मान के भाव की उत्पत्ति तथा विषय विशेष में दक्षता प्राप्ति हेतु सर्वोत्तम कैडेट/रैली का आयोजन किया जा रहा है।

यह प्रतियोगिता/रैली ब्लाक/तहसील/जिला/मण्डल/प्रदेश स्तर पर होने वाली रैलियों के स्थान पर आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता(रैली) के आयोजन सम्बन्धी विस्तृत निर्देश इस पत्र के साथ संलग्न कर आपकी सेवा में प्रेषित किये जा रहे है।

अतः अनुरोध है कि संलग्न निर्देशों के अनुसार शैक्षिक सत्र 2023–24 में उपरोक्त प्रतियोगिता (रैली) का आयोजन कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक**–विस्तृत निर्देश।

भवदीय
01/04/2023
(डा0 प्रभात कुमार)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. महानिदेशक स्कूल शिक्षा (बेसिक एवं माध्यमिक)उ0प्र0।
2. शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) उ0प्र0।
3. शिक्षा निदेशक (बेसिक) उ0प्र0।
4. समस्त प्रादेशिक आयुक्त, भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
5. प्रादेशिक सचिव, भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
6. प्रादेशिक संगठन/प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
7. मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक,उ0प्र0।
8. समस्त सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) उ0प्र0।
9. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक,उ0प्र0।
10. समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,उ0प्र0।
11. समस्त सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।

01/04/2023
(डा0 प्रभात कुमार)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0

# प्रतियोगिता का नाम

## सर्वोत्तम कब/बुलबुल/स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर प्रतियोगिता

### कार्यक्रम आयोजन हेतु समय – सीमा – चक

| कम | कार्य | समय सीमा |
|---|---|---|
| 1. | प्रतिभागिता के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना (निर्देश सहित) | माह अप्रैल,2023 (15 अप्रैल,2023 तक) |
| 2. | जनपद स्तर पर पंजीकरण की प्रकिया | माह अगस्त,2023 (15 अगस्त,2023 तक) |
| 3. | जनपद स्तर पर चयन प्रकिया | माह अक्टूबर 2023 (31 अक्टूबर,2023 तक) |
| 4. | जनपद स्तर पर संवर्गवार तथा विषयवार चयनित प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्तप्रतिभागियों की सूची पजीकरण शुल्क सहित प्रादेशिक मुख्यालय पर उपलब्ध कराना। | 10 नवम्बर,2023 तक |
| 5. | प्रादेशिक स्तर पर चयन प्रक्रिया संवर्गवार एवं विषयवार का आयोजन | माह 15 नवम्बर,2023 से माह 31 दिसम्बर,2023 के मध्य प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र शीतलाखेत/प्रयागराज में सम्पन्न होगी। |
| 6. | प्रतियोगिता का उद्देश्य | संगठन में गुणवत्ता के दृष्टिकोण से व्यक्तिगत क्षमता वृद्धि एवं आत्म विश्वास वृद्धि। जिससे यूनिफार्म एवं व्यक्तित्व प्रदर्शन के प्रति जागरूकता एवं सम्मान का भाव उत्पन्न हो सके तथा विषय विशेष में दक्षता प्राप्त कर सके। |
| 7. | अर्हता | पंजीकरण दल/कम्पनी/पैक/फ्लाक/क्रू/टीम के योग्य कब/बुल-बुल/स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर जिनका OYMS पर पंजीकरण हो और वारेन्टेड यूनिट लीडर का बी0एस0जी0 यू0आई0डी0 संख्या आवंटित हो। |

**आवश्यक निर्देश :–**

1. जिला स्तरीय आयोजन पर आवश्यक व्यय हेतु रू0–100/प्रति प्रतिभागी जनपद स्तर पर प्राप्त किया जायेगा।
2. प्रादेशिक स्तर की चयन प्रकिया में प्रतिभागिता हेतु जनपद में पंजीकृत समस्त अभ्यर्थियों की सूची के साथ प्रति प्रतिभागी की दर से रू0–40/प्रति प्रतिभागी की दर से पंजीकरण शुल्क के रूप में अनिवार्य रूप से प्रादेशिक मुख्यालय को प्रेषित करना होगा। यह धनराशि जनपद स्तर पर प्राप्त किये गये पंजीकरण शुल्क से देय होगी।
3. प्रादेशिक स्तर पर प्रतिभागिता हेतु प्रतिभागी का भोजन एवं आवास सम्बन्धी व्यय प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा वहन किया जायेगा।
4. जनपद स्तरीय चयन प्रकिया में चयनकर्ता सम्बन्धित जनपद के ही होगें। चयन समिति में 03 या 05 सदस्य होगें जो एल0टी0/ए0एल0टी0/हिमालय उडबैज योग्यताधारी होगें जिनको विषय का व्यवहारिक/सैद्धान्तिक ज्ञान हो।
5. प्रत्येक मण्डल के सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) अपने प्रभार के मण्डल मे जनपदवार प्रतियोगिता आयोजन हेतु समन्वयक होगें।
6. प्रत्येक जनपद से प्रत्येक संवर्ग में विषयवार प्रथम एवं द्वितीय स्थान हेतु 2–2 प्रतिभागियों का चयन किया जायेगा।
7. इस प्रकार चयनित प्रतिभागी माह 15 नवम्बर से 31 दिसम्बर,2023 के मध्य आयोजित होने वाली प्रादेशिक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगें।
8. प्रादेशिक स्तर की प्रतियोगिता में प्रत्येक संवर्ग में विषयवार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में 3–3 अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।
9. इस प्रकार प्रत्येक संवर्ग एवं विषय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कार/प्रमाणपत्र/प्रोत्साहन धनराशि पुरस्कार स्वरूप दिया जायेगा तथा सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किया जायेगा। (जनपद एवं प्रदेश स्तर दोनों के प्रतिभागी)

10. प्रतियोगिता का पाठ्यक्रम **APRO** भाग–2 एवं 3 में दिए गए चतुर्थ चरण/हीरक पंख (कब बुलबुल के लिए),तृतीय सोपान(स्काउट/गाइड के लिए)एवंनिपुण (रोवर/रेंजर के लिए) स्तर का होगा।

11. समस्त प्रतियोगिता का मूल्यांकन 100 अंको में होगा। प्रतियोगिता के दो भाग होगे जिसमें से 70 अंक प्रायोगिक परीक्षा हेतु तथा 30 अंक लिखित परीक्षा हेतु निर्धारित होगा।

12. प्रायोगिक परीक्षा के लिए विषय एवं अंको का निर्धारण निम्नवत् है:–

(क) –कब/बुलबुल हेतु :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुमान | ऊचांई, दूरी, संख्या, वजन, चौड़ाई। | 10 अंक |
| 2 | नक्षत्र ज्ञान | तारा समूह, ध्रुव तारे की पहचान, अराइन, सप्तर्षि, राशिगत, तारो का ज्ञान। | 10 अंक |
| 3 | टर्न आउट | वर्दी, मार्चिंग, सैल्यूटिंग रिर्पोटिंग, हाथ, सीटी संकेत। | 10 अंक |
| 4 | मैपिंग | बियरिंग, स्केल, मैपमेंकिंग, (टूरिस्टमैप प्लेन टेबल सर्वे विधि से) मैपरीडिंग । | 10 अंक |
| 5 | हस्तकौशल | विशिष्ठ अवसरो के लिए ग्रीटिंग कार्ड बनाना। | 15 अंक |
| 6 | यातायात संकेत एवं सड़क सुरक्षा | लाल, पीले एवं हरे रंग के संकेत का अर्थ, सड़क पर बाये या दाये हाथ के मुड़ने का संकेत एवं सड़क पार करने का नियम | 15 अंक |

12 (ख) स्काउट/गाइड/ रोवर/रेंजर हेतु:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुमान | ऊचांई, दूरी, संख्या, वजन, चौड़ाई। | 10 अंक |
| 2 | नक्षत्र ज्ञान | तारा समूह, ध्रुव तारे की पहचान, अराइन, सप्तर्षि, राशिगत, तारो का ज्ञान। | 10 अंक |
| 3 | टर्न आउट | वर्दी, मार्चिंग, सैल्यूटिंग रिर्पोटिंग, हाथ, सीटी संकेत। | 10 अंक |
| 4 | मैपिंग | बियरिंग, स्केल, मैपमेंकिंग, (टूरिस्टमैप प्लेन टेबल सर्वे विधि से) मैपरीडिंग । | 10 अंक |
| 5 | शेल्टर मैनेजमेंट | वैकल्पिक आवास निर्माण, गैजेट्स मेकिंग। | 15 अंक |
| 6 | फर्स्टएड एवं आपदा प्रबन्धन | स्ट्रेचर ड्रिल पट्टियॉं, हड्डी की टूट, एवं वैकल्पिक साधनों से मरीज ले जाने हेतु स्ट्रेचर का निर्माण (कब और बुलबुल को छोड़कर) | 15 अंक |

13. प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन एक समिति के माध्यम से किया जायेगा। जिसका गठन निम्नवत् होगा।

(क) जनपद स्तर पर – जिला मुख्यायुक्त के निर्देशन में :–

1– जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) – नोडल अधिकारी
2– जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) – सदस्य
3– जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) – सदस्य
4– जिला संगठन आयुक्त (गाइड) – सदस्य

उपरोक्त समिति विषयवार 3–3 निर्णायकों का समूह गठित करेगी जिनके सहयोग से मूल्यांकन कार्य किया जायेगा। यह निर्णायक विषय विशेषज्ञ हिमालय वुडबैज होल्डर होगें।

(ख) प्रादेशिक स्तर पर – प्रादेशिक मुख्यायुक्त के निर्देशन में :–

1– प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) – नोडल अधिकारी
2– प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) – सदस्य
3– प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) – सदस्य
4– प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) – सदस्य

उपरोक्त समिति विषयवार 3–3 निर्णायकों का समूह गठित करेगी जिनके सहयोग से मूल्यांकन कार्य किया जायेगा। यह निर्णायक विषय विशेषज्ञ हिमालय वुडबैज होल्डर होगें।

**14.** प्रदेश स्तर से प्रतियोगिता में निम्नानुसार प्रथम,द्वितीय,तृतीय पुरस्कार प्रदान किये जायगें।

| क0सं0 | स्तर | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्काउट/गाइड | रू.10.000/– | रू.7.000/– | रू.5.000/– |
| 2 | रोवर/ रेंजर | रू.10.000/– | रू.7.000/– | रू.5.000/– |
| 3 | कब/बुलबुल | रू.5.000/– | रू.3.000/– | रू.2.000/– |

स्मरणीय बिन्दु

1. प्रत्येक जनपद से अधिकतम प्रतिभागिता होनी आवश्यक है।
2. यह प्रतियोगिता रैली के स्वरूप में समारोह पूर्वक आयोजित की जायेगी। समारोह की अवधि त्रिदिवसीय होगी।
3. मूल्यांकन हेतु निर्धारित विषयों के अतिरिक्त केवल मार्च पास्ट/कलर पार्टी एवं कैम्पफायर के कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें।
4. रैली समारोह में मूल्यांकन कार्य सम्पन्न कराकर सम्पूर्ण रैली में इस प्रतियोगिता के लिए पंजीकृत कब/बुलबुल/स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर की सूची के साथ प्रति प्रतिभागी की दर से पंजीकरण शुल्क एवं मूल्यांकन का परिणाम तत्काल बन्द लिफाफे में नोडल अधिकारी प्रादेशिक मुख्यालय में 24 घंटे के भीतर उपलब्ध करायेगें।

———————X———————